महत्वपूर्ण

प्रेषक,

महानिरीक्षक निबन्धन,
उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद ।

सेवा में,

समस्त उप-निबन्धकगण,
उत्तर प्रदेश ।

संख्याः4911-5157/चौदह-87 दिनांक 29,जुलाई 1987

विषयः- सरकारी कार्यालयों में समय का पालन किया जाना ।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे कहना है कि जनता की सुविधा तथा सरकारी कार्य को सुचारू रूप से किये जाने हेतु यह आवश्यक है कि सरकारी अधिकारी/कर्मचारी अपने कार्यालयों में नियमित रूप से तथा ठीक समय पर उपस्थित हों । शासन में भी इस सम्बन्ध में समय समय पर निर्देश दिये हैं ।

मेरी जानकारी में यह बात लाई गई है कि बहुधा निबन्धन कार्यालयों में समय का पालन नहीं किया जा रहा है । अधिकारी/कर्मचारी नियमित रूप से ठीक समय पर कार्यालय में उपस्थित नही होते है। यह स्थिति अत्यन्त आपत्तिजनक है। कार्यालय में ठीक समय से उपस्थित न होना न केवल अकमर्ण्यता है बल्कि अनुशासनहीनता का द्योतक है।

अतः इस संबंध में शासन के अ0शा0प0सं0 55-जी/1958-सामान्य प्रशासन अनुभाग-2, दिनांक 7 जुलाई, 1975 की प्रति संलग्न करते हुए निर्देशित किया जाता है कि शासन के उपर्युक्त अर्ध शासकीय पत्र में निहित समस्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाये । यदि कोई अधिकारी/कर्मचारी भविष्य में उपर्युक्त निर्देशों के उल्लंघन का दोषी पाया जाता है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी ।

संलग्नकः-यथोपरि ।

भवदीय,

ह०/-
(जे0सी0 गोस्वामी)
आई.ए.एस.
महानिरीक्षक, निबन्धन,
उत्तर प्रदेश , इलाहाबाद ।